विंग कमांडर पीटर पॉल
Wing Commander Peter Paul
कमान अधिकारी
Commanding Officer
TELE : 0512-2451730-36
AFNET : 2913-7800
TELE FAX : 0512-2457481
MOBILE : +919400014507/+918854024507
E-MAIL (O) : co.3asc-up@gov.in
E-MAIL (P) : mailpeterpaul@yahoo.com

3 वायु सैनिक चयन केन्द्र
वायु सेना स्टेशन, कानपुर
कानपुर उ.प्र. 208008
3 Airmen Selection Centre
Air Force Station, Kanpur
Kanpur, UP-208008

3ASC/C 268/1/HRM(RTG)(BM-II)
3ASC/C 268/1/एच आर एम (आर टी जी)(बी एम-II)

13 मार्च 2023

श्री डी के द्विवेदी, उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ

भारतीय वायु सेना की अग्निपथ स्कीम के तहत अग्निवीर वायु की भर्ती प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक सहयोग हेतु अनुरोध

आदरणीय महोदय,

1. कृपया अद्योहस्ताक्षरी के दिनांक 16 सितंबर 2022 के अर्धशासकीय पत्रांक 3ASC/141/3/P2(BM) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा एवं इसी संदर्भ में आगे सादर सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भर्ती हेतु ऑनलाइन लिखित परीक्षा, द्वितीय चरण की परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षण सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गयी है। इस परीक्षा हेतु इस बार उत्तर प्रदेश से रिकार्ड अभ्यर्थियों ने आवेदन किया जो कि आपके व्यक्तिगत सहयोग के बिना सम्भव नहीं था। आपने व्यक्तिगत रुप से भी अपना बहुत ही कीमती समय इस परीक्षा के सफल आयोजन हेतु दिया है। इस चयन केन्द्र द्वारा आपसे किए गए सभी अनुरोधों सें भी बढ़कर आपका सहयोग इस चयन केन्द्र को प्राप्त हुआ है। मैं पूरी ईमानदारी एवं कृतज्ञता से आपके द्वारा इस परीक्षा के सफल एवं शान्तिपूर्ण आयोजन हेतु किए गए प्रयासों हेतु सादर धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

2. आगे आपको सादर सूचित किया जाता है कि **अग्निवीर वायु इनटेक 02/2023 की भर्ती(पुरुष और महिला दोनों की एंट्री) हेतु विज्ञापन जारी हो गया है एवं ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन दिनांक 17 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023 तक होगा। पंजीकरण एवं अधिसूचना लिंक http://agnipathvayu.cdac.in के वेबसाइट पर उपलब्ध है।** अत: आपसे विनम्र अनुरोध है कि इस जिले के अधीन आने वाले समस्त कालेजों, उच्च शिक्षण संस्थानों/विद्यालयों एवं संबंधित अधिकारियों के माध्यम से यह जानकारी अधिक से अधिक विद्यालयों तक पहुंचाने हेतु अपेक्षित निदेश जारी करने की कृपा करें जिससे कि अभी से ही विद्यार्थी अपने आप को तैयार कर सकें। इस इनटेक हेतु योग्य अभ्यर्थी इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण होकर स्नातक कर रहे होगें। ऐसे सभी शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों / अभ्यार्थियोंतक भी इस सूचना को पहुंचाने का प्रयास करें जिससे कि अधिक से अधिक अभ्यर्थी इंससे लाभान्वित हो सकें।आपसे यह भी अनुरोध है कि कृपया यह सूचना लिंक को समाचार पत्रों को माध्यम से आपके क्षेत्र के कॉलेजों/संस्थानों और आपके सम्मानित विभाग की वेबसाइट पर भी प्रकाशित किया जाए।

3. आपके द्वारा किए गए सहयोग हेतु यह चयन केन्द्र कृतज्ञ है एवं विनम्र अनुरोध है कि आगे भी इस चयन केन्द्र को अपना सहयोग इसी तरह जारी रखें। इस दौरान यदि इस चयन केन्द्र के या अधोहस्ताक्षरी के लायक कोई सेवा हो तो जरुर बताएं, किसी भी तरह से आपको कोई सहयोग कर सकूं तो यह हमारा एवं इस चयन केन्द्र का सौभाग्य होगा एवं हमें अत्यंत प्रसन्नता होगी। मैं अपने पूरे परिवार एवं 3 वायु सैनिक चयन केन्द्र के सभी स्टाफ की तरफ से आपको एवं आपके पूरे परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आपके कुशल मंगल एवं उज्जवल भविष्य के लिए भगवान से सदैव प्रार्थना करता हूं।

आपकी महती कृपा होगी।

No. 3 Airmen Selection Centre • Kanpur

आपका विश्वसनीय,
पीटर पॉल

(Peter Paul)
Wing Commander
Commanding Officer
3 Airmen Selection Centre